INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class 8- Hindi 2nd lang.

# विज्ञापन -

## विज्ञापन रचना (Advertisement Making )

**यहाँ** हम विज्ञापन रचना के बारे में चर्चा करेंगे। विज्ञापन किसे कहते हैं? विज्ञापन कितने प्रकार के होते हैं? विज्ञापन के क्या कार्य हैं? विज्ञापन लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**विज्ञापन किसे कहते हैं? -** विज्ञापन शब्द वि + ज्ञापन दो शब्दों से मिलकर बनता है । 'वि' का अर्थ होता है 'विशेष' और 'ज्ञापन' का अर्थ होता है- 'सार्वजनिक सूचना'। 'विज्ञापन' ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करके वस्तु को बेचने का एक सशक्त माध्यम है।

इसके अलावा किसी अन्य विषय की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाने वाला प्रचार भी विज्ञापन कहलाता है।

## विज्ञापन के प्रकार

वैसे तो विज्ञापन कई प्रकार के होते हैं, परन्तु मोटे तौर पर हम चार प्रकार के विज्ञापनों के बारे यहाँ अच्छी तरह से जानेंगे -

- स्थानीय विज्ञापन
- वर्गीकृत विज्ञापन
- जनकल्याण संबंधी विज्ञापन
- उत्पाद संबंधी विज्ञापन

**स्थानीय विज्ञापन**

इनका प्रसार क्षेत्र अक्सर बहुत छोटा होता है और ये स्थानीय स्तर पर उत्पाद की बिक्री बढ़ाने में काम आते हैं। इनमें आकर्षक छूट, नामी योजनाओं का जिक्र होता है। किसी खास तरह के स्थानीय उत्पाद के लोकप्रिय उत्पादक का विवरण होता है या आम जरूरत की चीजों का विवरण होता है।

**उदाहरण**

प्र. विद्यालय की कलाविथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए।



प्र. आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हस्तनिर्मित, टिकाऊ और उपयोगी सामग्री के विक्रय हेतु दिवाली मेले के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए।




## वर्गीकृत विज्ञापन

वर्गीकृत विज्ञापन प्राय: स्थानीय आवश्यकताओं और सूचनाओं पर आधारित होते हैं। जैसे- किसी मकान को खरीदना- बेचना, किराए के लिए खाली मकान, रोजगार, शैक्षणिक, वैवाहिक आदि | इस तरह के विज्ञापनों में प्रतीक चिन्हों या चित्रों का प्रयोग ज़रूरी नहीं होता है।

## उदाहरण

प्र. अपने पुराने मकान के बेचने सम्बन्धी विज्ञापन का आलेख लगभग 25-30 शब्दों में तैयार कीजिए।

**बिकाऊ है** **बिकाऊ है** **बिकाऊ है**

200 वर्ग गज में निर्मित 2 मंजिल एक पुराना रहने योग्य मकान
बाजार, सब्जी मण्डी, मेन सड़क, स्कूल तथा रेलवे स्टेशन के नजदीक
बाबू गुलाब राय मार्ग, देहली गेट आगरा।

**सम्पर्क करें - किशन सिंह**
**9872XXXXXX**

प्र. नया स्कूल खुलने पर लगभग 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।



**जनकल्याण संबंधी विज्ञापन**

जनकल्याण संबंधी विज्ञापन प्रायः लोगों को किसी समस्या के प्रति जागरूक करने के लिए बनाए जाते हैं।जैसे-प्रदूषण की समस्या,शिक्षा की समस्या, कन्या भ्रूण हत्या समस्या आदि |

**उदाहरण**

प्र. अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 30 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।





प्र. स्वच्छता अभियान पर लगभग 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।







**उत्पाद संबंधी विज्ञापन – इस प्रकार के** विज्ञापन से जनता अथवा उपभोक्ता को आकर्षित करने की कोशिश की जाती है, जिससे वह उत्पादन को जरुर खरीद ले|इसके अंतर्गत किसी कंपनी का कोई उत्पादन हो सकता है|

प्र- टेलीविजन पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|



प्र- कार पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|




**विज्ञापन के कार्य**

विज्ञापन के निम्नलिखित कार्य हैं -

1. नवीन वस्तुओं और सेवाओं की सूचना देना।
2. विशेष छूट आदि की जानकारी देते हुए उपभोक्ता-माँग में वृद्धि करना।
3. वस्तु को स्वीकार करने, अपनाने और उसे खरीदने की प्रेरणा देना।
4. विज्ञापन अन्य उत्पाद कम्पनियों के उत्पादनों की तुलनात्मक जानकारी देता है।

**विज्ञापन तैयार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए –**

(1) वह आकर्षक होना चाहिए।

(2) प्रभावशाली तरीके से कम शब्दों में अपनी बात कहनी चाहिए।

(3) कोई पंक्ति ऐसी लिखनी चाहिए जो ‘स्लोगन’ की तरह हो और ध्यान आकर्षित करके याद रह जाने वाली हो।

(4) उसमें किसी ‘चित्र’ या ‘रेखाचित्र’ का प्रयोग करना चाहिए।

(5) जिस विषय के बारे में हो उसकी विशेषताओं/महत्त्व को बताने वाले हों।

(6) उसे बॉक्स में ही प्रस्तुत करें, इससे अधिक प्रभावशाली लगता है।

(7) प्रभावशाली बने के लिए रंगीन रंगों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺